Economic Times (HIndi)

SPML Infra ko 1803 cr ke naye order mile

Date: 29/08/2013 | Edition: Delhi | Page: 7 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 6 H: 9

एसपीएमएल इंफ्रा को 1802 करोड़ के ऑर्डर मिले

नई दिल्ली: इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फर्म एसपीएमएल इंफ्रा लिमिटेड ने कहा है कि उसे बिहार और राजस्थान से अलग-अलग कामों के लिए 1,802 करोड़ के ऑर्डर मिले हैं। इनमें रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन और वाटर सप्लाई भी शामिल हैं। कंपनी ने एक स्टेटमेंट में कहा है, 'एसपीएमएल इंफ्रा लिमिटेड को 1802.10 करोड़ रुपए के नए ऑर्डर बिहार की साउथ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन (एसबीपीडीसीएल) और राजस्थान के पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट (पीएचईडी) से मिले हैं।' एसबीपीडीसीएल से मिले दो ऑर्डर पटना और गया जिलों में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन प्रोजेक्ट्स हैं। राजस्थान के पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से मिले ऑर्डर कोटा, अजमेर और भरतपुर में वाटर सप्लाई स्कीम के लिए हैं।